# कार्यालय नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.)

## निःशक्तजनों के बैगलॉग के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विशेष भर्ती अभियान

फा.क./स्था./एक/सा.प्र./भर्ती/2015/19333/19334 कोरबा दिनांक 28.10.2015

### विशेष भर्ती हेतु विज्ञापन

छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग नया रायपुर के पत्र क्र. 7181/4061/2015/18 नया रायपुर दिनांक 23.09.2015 के तहत् नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 58 के अंतर्गत सीधी भर्ती के **निःशक्तजनों** के बैकलाग के रिक्त पदो की पूर्ति हेतु छ.ग. नगर पालिक निगम (अधिकारियों तथा सेवकों की नियुक्ति तथा सेवा की शर्तें) नियम 2007 के अंतर्गत समस्त संशोधनों सहित उम्मीदवारों से दिनांक 13.11.2015 तक निम्नानुसार निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से (लिफाफा के उपर पदनाम अंकित हो)/ऑनलाईन निगम के वेबसाईट पर आमंत्रित किये जाते हैं। सीधे आवेदन कार्यालय में स्वीकार नहीं किये जायेंगे। अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन निरस्त योग्य होंगे तथा इन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| क. | पदनाम | वेतनमान | रिक्त पदों की स्थिति | निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताएं |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उप अभियंता (सिविल) | 9300–34800 ग्रेड पे 4200 | 01 – अ.ज.जा (मुक्त) | 1) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय सिविल में डिप्लोमा तथा ऑटो कैड कैम्प में डिप्लोमा। |
| 2. | सहायक ग्रेड–III | 5200–20200 ग्रेड पे 1900 | 01 – अ.ज.जा (मुक्त) | 1) मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्याल से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2) मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में 1 वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाणपत्र.<br>3) हिन्दी कम्प्यूटर टाईप लेखन में 5,000 की (key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति (गति के लिये कौशल परीक्षा ली जाएगी)। |
| 3. | समयपाल/कार्य सहायक | 5200–20200 ग्रेड पे 1900 | 01 – अ.ज.जा (मुक्त) | हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण तथा औद्योगिक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से ट्रेसर में डिप्लोमा उत्तीर्ण। |
| 4. | चौकीदार | 4750–7440 ग्रेड पे 1300 | 01– अ.ज.जा. (मुक्त) | ऑठवीं कक्षा उत्तीर्ण । |
| 5. | माली | 4750–7440 ग्रेड पे 1300 | 01– अ.ज.जा. (मुक्त) | हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण तथा गार्डनिग प्रमाण–पत्र उत्तीर्ण। |
| 6. | हेल्पर/मजदूर | 4750–7440 ग्रेड पे 1300 | 04– अ.ज.जा. (मुक्त)<br>01 – अनारक्षित (मुक्त)<br>02. – अनारक्षित (महिला) | साक्षर होना चाहिऐ। |

नियुक्ति की सामान्य शर्तें –

1. सीधी भर्ती के मामले में अभ्यर्थी की आयु दिनांक 13.11.2015 की स्थिति में न्यूनतम तथा अधिकतम आयु राज्य सरकार के नियत अनुसार होगी साथ ही उच्चतर आयु सीमा में शिथिलिकरण वैसा ही होगा जैसा कि राज्य सरकार द्वारा सरकारी सेवा के लिए नियत है।
2. रोजगार कार्यालय का जीवित रोजगार पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक उल्लेखित करने के साथ ही समस्त शैक्षणिक योग्यता की प्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. आवेदक को छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है, प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।
4. किसी भी संवर्ग के 40 प्रतिशत या उससे अधिक निःशक्कतताधारी व्यक्ति ही आवेदन करने के पात्र हैं। इस संबंध में जिला चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र मान्य होंगे।
5. आवेदक द्वारा निर्धारित शैक्षणिक अर्हताओं की सत्यापित अंकसूची छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. अजा/अजजा/अ.पि.वर्ग के उम्मीदवार अपना जाति प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित सत्यापित प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. विज्ञापन की जानकारी नगर निगम के वेबसाईट www.korbamunicipal.in पर देखा जा सकता है।
8. ऑनलाईन आवेदन उपरोक्त वेबसाईड पर निर्धारित दिनांक तक स्वीकार किये जावेंगे।
9. आवेदको की मेरिट सूची एवं चयनित सूची उपरोक्त वेबसाईट पर तथा **मुख्य कार्यालय–साकेत भवन , कोरबा** के सूचना पटल पर प्रकाशित की जावेगी। पृथक से उन्हें सूचना पत्र/बुलावा पत्र प्रेषित नहीं किया जावेगा।
10. चयनित उम्मीदवारों की सूचना वेबसाईट के माध्यम से प्रकाशित की जाकर रजिस्टर्ड डाक से नियुक्ति आदेश जारी किये जावेंगे।
11. कुल 25 अंको का निर्धारण निम्नानुसार होगा –
    - अ) न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता पर 7 अंक श्रेणी अनुसार।
    - ब) न्यूनतम शैक्षणिक आर्हता से ऊपर स्नातक पर 3 अंक श्रेणी अनुसार।
    - स) कार्यानुभव पर 5 अंक (वर्षानुसार)।
    - द) कौशल परीक्षा पर 10 अंक।
12. पूर्ण रूप से भरे गये आवेदन निर्धारित दिनांक तक कार्यालय नगर पालिक निगम, साकेत भवन मुख्य कार्यालय कोरबा के पते पर स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।
13. किसी भी प्रकार का एप्रोच (सिफारिश) करने या पाये जाने पर आवेदक को पद के अयोग्य किया जा सकता है।

//क्रमशः...2//

14. प्रत्येक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत करें।
15. एक पद हेतु एक ही आवेदन प्रस्तुत करें एक से अधिक आवेदन मान्य नहीं होगा।
16. किसी भी आवेदन पत्र को मान्य/अमान्य करने तथा पदों में कमी अथवा वृद्धि संबंधी समस्त अधिकार आयुक्त, नगर पालिक निगम कोरबा के पास सुरक्षित रहेंगे। किसी भी विवाद की स्थिति में आयुक्त, नगर पालिक निगम कोरबा का निर्णय सर्वमान्य तथा बंधनकारी होगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

# आवेदन का प्रारूप

प्रति,

आयुक्त
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो

आवेदित पद का नाम ..............................................

1. आवेदक का पूरा नाम : ..............................................

2. पिता/पति का नाम : ..............................................

3. जन्म तिथि (अंको में) : दिनांक ...................... माह ............. वर्ष .....................

(शब्दों में) : ..............................................

4. दिनांक 13.11.2015 को आयु : दिन ...................... माह ............ वर्ष .....................

5. निःशक्तता का प्रकार एवं प्रतिशत : दृष्टि/श्रवण/अस्थि बाधित एवं प्रतिशत .....................

6. जाति वर्ग (समान्य/अजा/अजजा/अपिवर्ग) : ..............................................

7. राष्ट्रीयता : ..............................................

8. स्थायी पता : ..............................................

..............................................

9. पत्र व्यवहार का पता : ..............................................

..............................................

...................................... मोबा. नं. ..............................

10. रोजगार कार्यालय का नाम पंजीयन क्र./दिनांक : ..............................................

11. शैक्षणिक योग्यता का विवरण

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड/वि.वि.का नाम | श्रेणी | प्राप्तांको का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

12. संलग्न किये गये सत्यापित प्रमाण पत्रों की सूची

आवेदक के हस्ताक्षर

## घोषणा–पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में प्रस्तुत जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है, कोई भी जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा एवं चयन के दौरान भी मेरी नियुक्ति बिना सूचना के समाप्त की जा सकेगी।

स्थान ......................

दिनांक ......................

आवेदक के हस्ताक्षर